## परिवारजनों ने एसपी को दिए आवेदन में जड़े कई आरोप, पहले भी हो चुके है इस तरह के कई मामले

# सनसनीखेज कृष्णकुमार हत्याकांड में पुलिस खुलासे के बाद भी कहानी में कई बड़े सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कृष्ण कुमार वर्मा हत्याकांड में पुलिस ने चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर खुलासा तो कर दिया, लेकिन जैसे-जैसे इस पूरे मामले की परतें सामने आ रही हैं, वैसे-वैसे यह प्रकरण साधारण हत्या से कहीं आगे बढ़कर एक सुनियोजित साजिश, आर्थिक लाभ और संभावित राजनीतिक संरक्षण की कहानी बनता जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं और परिजनों के आरोप इस खुलासे को अधूरा साबित कर रहे हैं।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बदल दी पूरी कहानी

8 मार्च को चौरई-छिंदवाड़ा मार्ग स्थित चोर गांव ब्रिज के नीचे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शुरुआत में इस मामले को दुर्घटना करार देने की कोशिश की गई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी बदल दी। रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि कृष्ण कुमार वर्मा की मौत गला घोंटकर की गई थी। रस्सी के फंदे से दम घोंटने की पुष्टि होते ही मामला हत्या में बदल गया और पुलिस ने जांच तेज कर दी।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल

मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि पुलिस खुद यह स्वीकार कर रही है कि हत्या पूर्व नियोजित थी और साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने की भी कोशिश की गई, इसके बावजूद प्रकरण में केवल हत्या की धाराएं लगाई गई हैं। षड्यंत्र, साक्ष्य नष्ट करने और धोखाधड़ी जैसी गंभीर धाराओं को शामिल नहीं करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जानकारों का मानना है कि यदि शुरू से ही इस मामले में कड़ी धाराएं जोड़ी जातीं, तो फरार आरोपियों पर भी जल्दी शिकंजा कसा जा सकता था।



### योजना बनाकर उतारा मौत के घाट

जांच में जो तथ्य सामने आए, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि 5 मार्च को मृतक का कुछ लोगों से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद ने आगे चलकर एक खौफनाक साजिश का रूप ले लिया। आरोप है कि आरोपियों ने पूरी योजना के तहत कृष्ण कुमार वर्मा को रात करीब 9 बजे बुलाया, उसे एक एक्सयूवी वाहन में बैठाकर सुनसान इलाके में ले गए और वहां गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को ब्रिज के नीचे फेंक दिया गया और मोटरसाइकिल भी वहीं डाल दी गई ताकि मामला सड़क दुर्घटना जैसा प्रतीत हो।

### एक प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा भी संदेह के घेरे में

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है और हत्या में प्रयुक्त वाहन व गमछा भी बरामद किया है। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनमें से कुछ अब भी फरार हैं और उनमें एक प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा कमलेश वर्मा का नाम भी शामिल बताया जा रहा है। ऐसे में यह संदेह और गहरा जाता है कि क्या पुलिस दबाव में काम कर रही है या जानबूझकर कुछ लोगों को बचाने की कोशिश हो रही है।

### जांच पर उठते बड़े सवाल

मृतक की मोटरसाइकिल अब तक बरामद क्यों नहीं की गई?
कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) जांच में शामिल क्यों नहीं किया गया?
मृतक के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों को जब्त क्यों नहीं किया गया?
फरार आरोपियों पर अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### साजिश के तहत की गई हत्या

परिवारजनों ने इस मामले में कई चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह हत्या अचानक नहीं बल्कि कई महीनों पहले रची गई साजिश का परिणाम है। आरोप है कि पिछले तीन महीनों में मृतक के नाम पर दो से चार लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियां ली गईं, जबकि पहले उसके नाम पर कोई बीमा नहीं था। इसके अलावा मृतक के नाम पर ट्रैक्टर और लग्जरी वाहन भी खरीदे गए, जिनमें आरोपी स्वयं गारंटर बने थे। परिजनों का दावा है कि हत्या के बाद इन सभी चीजों का आर्थिक लाभ उठाने की योजना बनाई गई थी।

### पुलिस की जांच कटघरे में



इन सवालों ने पुलिस की जांच को कटघरे में खड़ा कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कई अहम तथ्यों को नजरअंदाज किया है और उनकी शिकायत में दिए गए बिंदुओं पर गंभीरता से काम नहीं किया गया। साथ ही, इस मामले में लेन-देन और दबाव की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं, जो पूरे घटनाक्रम को और संदिग्ध बनाती हैं। चौरई क्षेत्र में यह पहला मामला नहीं है जब हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई हो। इससे पहले भी जमीन विवाद, आर्थिक लाभ और राजनीतिक संरक्षण से जुड़े कई मामलों में इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में यह हत्याकांड उस खतरनाक ट्रेंड की एक और कड़ी बनता नजर आ रहा है, जहां अपराधी बेखौफ होकर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

### हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग

कुल मिलाकर, पुलिस का खुलासा इस मामले में पूरी सच्चाई सामने लाने में नाकाफी साबित हो रहा है। गिरफ्तारी के बावजूद कई अहम पहलू अब भी अधूरे हैं और जांच की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इस हत्याकांड की निष्पक्ष और गहन जांच होगी या फिर यह मामला भी आधे-अधूरे सच के साथ फाइलों में दबकर रह जाएगा या कमजोर सबूतों के साथ केस को आगे बढ़ाया जाएगा। सवाल तो गंभीर है यह हत्याकांड चौरई पुलिस के लिए भी चुनौती है। देखना होगा कि अब परिवाजनों की शिकायत पर पुलिस कितना सक्षम कदम उठाती है।

## खबर संक्षेप

### अनुज बने भाजपा ओबीसी मोर्चा, मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी



**परासिया** :- भारतीय जनता पार्टी के कुशल संगठक और वार्ड क्रमांक 10 अनंत माधव वार्ड के पार्षद अनुज पाटकर को भाजपा ओबीसी मोर्चा , मध्यप्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति व प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के अनुमोदन से यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है ।

### नाबालिग के शारीरिक शोषण पर प्रकरण दर्ज

**पांढुर्णा**। विकासखंड के ग्राम पीपलपानी निवासी नाबालिग आदिवासी युवती का शारीरिक शोषण करने वाले सौंसर निवासी युवक पर पांढुर्णा पुलिस ने पास्को के तहत प्रकरण दर्ज किया। साथ ही युवक की मदद करनेवाले अन्युवक के खिलाफ भी विधिवत मामला कायम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपलपानी निवासी नाबालिग आदिवासी युवती का सौंसर क्षेत्र के ग्राम जोगनढाना निवासी युवक अनील उईके लगभग एक साल से विवाह का आश्वासन देकर शारीरिक शोषण कर रहा था। इस दौरान लडकी गर्भवति हो गई, और आरोपी पर शादी के लिए दबाव बनाने लगी। लेकिन आरोपी युवक शादी के मामले को बहानेबाजी कर टालता रहा। इसके बाद युवती ने अपनी आपबीती परिजनों को बतायी, और परिजन युवक के खिलाफ कारवाई के लिए पुलिस थाना पहुंचे। पुलिस ने विवेचना उपरांत मुख्य आरोपी अनील उईके पर पास्को एक्ट तथा उसके साथी रामकिशोर धुर्वे पर अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर आधार में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**छिंदवाड़ा**। नगर के परासिया रोड, पोआमा में स्थित बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन रहे और अध्यक्षता स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, नगर निगम छिंदवाड़ा एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपकराज जैन ने की जिनका आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संचालिका सरिता पांडे एवं तथा दिव्यांगजनों ने तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। सुंदर आयोजन की अतिथियों ने सराहना कर आधार को बधाई दी।तकनीकि वक्ता के रूप में उपस्थित सक्षम के जिला अध्यक्ष एवं आधार फाउंडेशन के संस्थापक इंजीनियर महेश किंथ ने बताया की डाउन सिंड्रोम एक अनुवांशिक अवस्था है।

### मां शारदा की प्रतिमा होगी स्थापित



**शिवपुरी / परासिया** :- शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलटवाड़ा बाजार चौक में नव निर्मित मंदिर में माँ शारदा की प्रतिमा स्थापित होगी । जिसके लिए 25 मार्च से 27 मार्च तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे । यह धार्मिक अनुष्ठान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर मुक्तानंद महाराज के सानिध्य में सम्पन्न होंगे । वहीं अनुराग कृष्ण शास्त्री द्वारा 27 मार्च से 2 अप्रैल तक भागवत कथा सुनाई जाएगी । आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों से इस अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है ।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जामसांवली आगमन प्रस्तावित,26 अप्रेल जामसांवली आएंगे मुख्यमंत्री



**सौंसर**। सुप्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, जामसांवली (हनुमान लोक) में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के दौरे और आगामी विशाल धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से मंदिर परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं ट्रस्टी संदीप मोहड़, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट अजय धवले मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के साथ-साथ आम श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया,जिंसमे हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था।जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी की कथा हेतु बैठक व्यवस्था। पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण केंद्र और वाहनों के लिए विशाल पार्किंग स्थलों का निर्धारण। निरीक्षण के दौरान सरपंच सूर्यभान चिकटे सहित संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान हनुमान लोक, मंदिर कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि26 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जामसावली हनुमान लोक में आगमन होंगा, हालांकि आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

### नेशनल हाईवे निर्माण के विरोध में 24 को बोरगांव बन्द

**बोरगांव**। नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित फ्लाईओवर और 4-लेन निर्माण के विरोध में बोरगांव के ग्रामीणों और व्यापारियों ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। गांव के अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 24 मार्च (मंगलवार) को 'बोरगांव बंद' का आह्वान किया गया है।हाल बोरगाव बद ओर विरोध प्रदर्शन को लेकर ग्राम वासीयो की एक महत्वपूर्व बैठक संपन्न हुई है,श्री हनुमान मंदिर में हुई बैठक में ग्रामीणों साथ-साथ विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों ने उपस्थित होकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।साथ ही सर्वसम्मति से 24 मार्च मंगलवार को फोरलेन सड़क निर्माण का विरोध प्रदर्शन करने बोरगांव बंद का निर्णय लिया गया है।बोरगांव बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में इस निर्माण कार्य का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों का तर्क है कि इस परियोजना से स्थानीय व्यापार, कृषि भूमि और गांव के भविष्य पर गहरा संकट मंडरा रहा है। एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए पूरे क्षेत्र में एक दिवसीय शांतिपूर्ण बंद रखने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया है। बंद के दौरान बोरगांव के समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान, दुकानें और बाजार पूरी तरह बंद रहेंगे। व्यापारियों ने भी इस मुहिम को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां स्थगित रहेंगी। विरोध प्रदर्शन को धार देने के लिए 24 मार्च को एक विशाल सभा भी आयोजित की जाएगी।

### राजस्थानी महिला मंडल ने किया गणगौर किया गोट का आयोजन

**सौंसर**। नगर में राजस्थानी महिला मंडल द्वारा पारंपरिक गणगौर की गोट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीतों, नृत्य-नाटिकाओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की, गणगौर के पारंपरिक गीत गाए तथा प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी वितरित किए गए। सचिव सौ राखी सावल द्वारा आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष सौ कृष्णा मुंद्रडा, उपाध्यक्ष सौ किरण बागानी, सचिव सौ राखी सावल, सौ विशाखा सुद्रा, कोषाध्यक्ष वैशाली पालीवाल,गायत्री डागा, प्रतिभा चांडक,कविता बागानी,प्राची माहेश्वरी, तारा साबू, सांस्कृतिक मंत्री सुचिता बागानी, सह सांस्कृतिक मंत्री आरती शर्मा श्वेता चांडक आदि थे।

## सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ में हजारों मंत्रों के साथ 1008 कुण्डों में छोड़ी जा रही आहुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

श्री रामेश्वर धाम में चल रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ में रविवार को चौथे दिन हजारों यजमानों के साथ ही हजारों श्रद्धालुओं ने हजारों मंत्रों के बीच 1008 कुण्डों में 10 लाख से अधिक आहुतियां छोड़ी। महायज्ञ के प्रमुख यजमान सांसद बंटी विवेक साहू और साहू परिवार ने श्री रामेश्वर धाम मंदिर में भगवान शिव का 1008 धतुरों और मां दुर्गा का 1008 केले और फूलों से अभिषेक किया। इसी बीच महायज्ञ में पहुंचे विशेष अतिथियों ने जहां मंदिर में पूजा अर्चना की वहीं यज्ञशाला की परिक्रमा करते हुए महायज्ञ का पुण्यलाभ अर्जित किया। इस महायज्ञ से सिहोरामाल सहित आस-पास का क्षेत्र धर्ममय हो गया है।

उल्लेखनीय है कि सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ सनातन धर्म का एक अत्यंत शक्तिशाली और पुण्यदायी अनुष्ठान है। महायज्ञ के दौरान आनंद धाम राजना के संत विवेक जी महाराज द्वारा यजमानों को विभिन्न अध्यायों के माध्यम से सहस्त्र चण्डीय यज्ञ का महत्व और प्रताप बताया जा रहा है। महायज्ञ में बैठे हजारों यजमान और यज्ञस्थल पर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से यज्ञकुण्डों में हजारों मंत्रों के बीच आहुतियां छोड़ी जा रही है।

### सांसदों के साथ कई अतिथियों ने की पूजा अर्चना

श्री रामेश्वर धाम में रविवार को तीन सांसदों के साथ ही कई प्रमुख अतिथियों ने भी पहुंचकर मंदिर और यज्ञशाला में विधि विधान से पूजा अर्चना की। श्री रामेश्वर धाम में दर्शन व पूजा अर्चना करने के लिए जबलपुर सांसद आशीष दुबे, दमोह सांसद राहुल लोधी, बालाघाट सांसद भारती पारधी, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, प्रांत धर्म जागरण प्रमुख जबलपुर राघवेन्द्र, पांढुर्णा के भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, राहुल मोहोड़, जामसांवली मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा, साहू समाज भोपाल, जहागिराबाद, ग्वालियर, खातेगांव सहित अन्य स्थानों से प्रमुख पदाधिकारी व सामाजिक बंधु एवं कई सामाजिक संगठनों व संस्थाओं के पदाधिकारी और छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के कई वरिष्ठ अधिकारीगण पहुंचे हुए थे।

## ईद मिलन में घुली आपसी भाईचारे की मिठास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

क्षेत्र में आपसी सद्भाव और भाईचारे की मिसाल पेश करने वाला मुस्लिम समाज का पारंपरिक ईद मिलन समारोह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दशकों से चली आ रही इस परंपरा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सिंगोड़ी की फिजाओं में आज भी प्रेम और एकता की खुशबू रची-बसी है। इस आयोजन में मजहब की दीवारें दरक गईं और हर वर्ग के लोग एक-दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। समारोह की सबसे खास बात इसकी सर्वसमावेशी प्रकृति रही। आयोजन में न केवल मुस्लिम समाज के लोग, बल्कि हिंदू, जैन और अन्य सभी संप्रदायों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही फूलों की बारिश और इत्र की महक के बीच जब जनप्रतिनिधि और आम नागरिक एक ही जाजम पर बैठे तो वह दृश्य साक्षात गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण बन गया।

## मंत्री प्रहलाद पटेल ने अलग-अलग स्थानों पर किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

### छिंदवाड़ा, चौरई और बिछुआ जनपदों को मिली 'अटल सुशासन भवनों ' की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को छिंदवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन कर जिलेवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। मंत्री श्री पटेल द्वारा छिंदवाड़ा में जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के "अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन)" का, तहसील बिछुआ में जनपद पंचायत भवन बिछुआ तथा चौरई में जनपद पंचायत भवन चौरई का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न किया गया। इसके साथ ही चौरई विधानसभा क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु भी भूमिपूजन किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

### धर्मेन्द्र सोनू मागो को सौंपी शहर कांग्रेस अध्यक्ष की कमान

**छिन्दवाड़ा**: मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं चौरई पर्यवेक्षक पद पर नवनियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपकर जिम्मेदारी संभालने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर श्री धर्मेन्द्र सोनू मागो मनोनीत किए गए हैं। श्री पप्पू यादव को चौरई पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। दोनों ही नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार माना है। जिला कांग्रेस परिवार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न, हर्षित लोखंडे बने मोहखेड़ प्रखंड संयोजक



**उमरानाला**। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड मोहखेड़ की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय 'परमात्मा एक' लॉन, उमरानाला में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही प्रखंड कार्यकारिणी की नई घोषणाएं भी की गईं।वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शनबैठक में मुख्य रूप से विहिप के विभाग मंत्री नकुल विश्वकर्मा, बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी, जिला संयोजक नरेंद्र पटेल, सह संयोजक रविराज, रितेश जी,सह मंत्री गणेश जी,हिमांशुजी और यश जैन उपस्थित रहे। विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी ने संगठन की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य के लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिला संयोजक नरेंद्र पटेल ने अपने संबोधन में गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराया और हिंदू युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़कर राष्ट्र और धर्म की रक्षा में योगदान देने का आह्वान किया।नई नियुक्तियों की घोषणाबैठक के दौरान संगठन विस्तार की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। सर्वसम्मति से हर्षित लोखंडे को बजरंग दल का प्रखंड संयोजक नियुक्त किया गया इसी नियुक्ति के साथ प्रखण्ड के अन्य दायित्वों जैसे। *बजरंग दल प्रखंडसह संयोजक राहुल खुद जिया जी सहसंयोजक विशाल कोलारे जी सुरक्षा प्रमुख अंकित जावरे जी गौरक्षा प्रमुख कृपाल कड़वे जीसहगौरक्षा प्रमुख महेंद्र डिगरसे जीबलोपासना प्रमुख आशीष मोहबिया जीसह बालोपासना प्रमुख आलोक मिश्रा जीविद्यार्थी प्रमुख आदित्य मानकर जी मिलन प्रमुख शरद महाराज जी इसी के साथ 7 खण्ड कार्यकारिणी की भी नियुक्त की गई। सभी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई और क्षेत्र में धार्मिक व सामाजिक कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

### मैली माता के पास एक लोटा जल चढ़ाने से बच्चों के रोग होते है दूर

# श्री षष्टी माता मंदिर: शहर का प्राचीन धार्मिक स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा शहर में स्थित श्री षष्टी माता मंदिर एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, जिसकी स्थापना हजारों वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है। कहा जाता है कि षष्टी माता स्वयंभू स्वरूप में प्रकट हुई थीं। प्रारंभ में यह मंदिर एक छोटी मढ़िया के रूप में था, जहां माता के दो कलश प्रज्वलित किए जाते थे। वर्तमान में यह मंदिर भव्य और विशाल रूप ले चुका है, जहां हजारों कलश स्थापित किए जाते हैं।

मंदिर के प्रति मान्यता है कि जो भी भक्त यहां श्रद्धापूर्वक अपनी मनोकामना लेकर आता है, उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में 'मैली माता' का भी एक स्थान है, जो बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करती हैं। कहा जाता है कि यदि कोई भक्त 'मैली माता' के पास एक लोटा जल अर्पित करता है, तो बच्चों को सूखा रोग, चर्म रोग या अन्य बीमारियों से राहत मिलती है।



### विशेष भोग और पूजा-पद्धति

षष्टी माता को विशेष रूप से आटे का कसार (एक प्रकार का व्यंजन) और पूरी-गुड़ का भोग अर्पित किया जाता है। जिन दंपत्तियों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं होती, वे यहां आकर 'ओली भरने' की परंपरा निभाते हैं, जिससे उन्हें संतान की प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है।

### प्रमुख आयोजन एवं परंपराएं

श्री षष्टी माता मंदिर में विशेष रूप से षष्ठी पर्व पर भव्य आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भक्तजन बड़ी संख्या में एकत्र होते हैं और माता को विशेष भोग अर्पित करते हैं। इसके अलावा नवरात्रि, जन्माष्टमी तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर भी यहां विशेष आयोजन किए जाते हैं।

### भौगोलिक स्थिति और पहुंच

यह मंदिर छिंदवाड़ा शहर में परासिया रोड स्थित है और स्थानीय लोगों के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र है।

### श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

श्री षष्टी माता मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि लोगों की आस्था का प्रतीक भी है। दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और माता के दर्शन कर स्वयं को कृतार्थ मानते हैं। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए दर्शन, पूजन एवं अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा-अर्चना का अवसर प्राप्त होता है।

## तामिया तहसील के ग्राम अनहोनी में स्थित गर्म कुंड के समीप मॉ ज्वाला देवी मंदिर एक विशेष धार्मिक स्थल है

# अनहोनी का गर्म कुंड ज्वाला देवी मंदिर: आस्था और चमत्कार का केंद्र







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील के ग्राम अनहोनी में स्थित गर्म कुंड के समीप मॉ ज्वाला देवी मंदिर एक विशेष धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है।

गर्म कुंड मंदिर में 24 घंटे गर्म पानी का प्रवाह होता रहता है, जिसे एक चमत्कार माना जाता है। यह पानी भौगोलिक प्रक्रिया के कारण प्राकृतिक रूप से गर्म रहता है, और मान्यता है कि इसमें स्नान करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है।

इस स्थान को भक्तगण बहुत ही पवित्र मानते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि गर्म कुंड में स्नान करने से न केवल

### मकर संक्रांति का विशेष मेला

प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में मकर संक्रांति के अवसर पर गर्म कुंड मंदिर में एक भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं और आस्था के साथ मां ज्वाला देवी के दर्शन करते हैं।

### पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण

गर्म कुंड का पानी अत्यधिक गर्म होता है, जिसे ठंडा करके स्नान के लिए उपयोग किया जाता है। यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। गर्म कुंड मंदिर, अपनी प्राकृतिक विशेषताओं और धार्मिक महत्व के कारण, दूर-दूर से श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है और आस्था का प्रतीक बना हुआ है।

## पोर्टल त्रुटि, 12 वार्ड के पात्र बच्चे एडमिशन से वंचित

### नगर कांग्रेस ने पूर्व सांसद के सामने रखी समस्या



**पांढुर्णा ।** नगर कांग्रेस कमेटी ने आज आर.टी.ई. के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के बच्चों की शालेय प्रवेश प्रक्रिया में पिछले कुछ सालों से जारी विसंगतियों को उठाते हुए इस संबंध में कलेक्टर पांढुर्णा और म.प्र. शासन को उचित निराकरण शीघ्र कराने की मांग की। कांग्रेस का आरोप है कि शहरी क्षेत्र के कई गरीब बच्चे तकनीकी और प्रशासनिक उपेक्षा के चलते योजना के लाभ से वंचित हो रहे है। कांग्रेस के अनुसार नगर के जाटबा, मौलाना, आजाद, टेकडी, गुरूदेव, घनपेठ, खारी, शिवाजी, मेघनाथ, रविदास, पेवठा एवं भगतसिंह वार्ड के निवासी बच्चों के शाला प्रवेश हेतु म.प्र. शासन के पोर्टल पर शाला का विकल्प मौजूद नहीं है। पोर्टल पर बच्चों के घर और स्कूल के बीच की दूरी को काफी गलत दिखाया जा रहा है, इसलिए पात्र बच्चें भी अपात्र की श्रेणी में आ गए है।
नगर कांग्रेस ने मांग की है कि पोर्टल की उक्त विसंगतियों को तत्काल दूर कर प्रभावित वार्डों के बच्चों को पुनः मौका दिया जाए। नगरीय क्षेत्र के बच्चों के शाला प्रवेश हेतु विशेष हेल्प डेस्क बनाया जाए। जरूरत पडने पर राज्य शिक्षा केंद्र से समन्वय कर आवेदन की अंतिम तिथि बढाई जाए।

## बिछुआ कॉलेज में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज से, आएंगे देश-विदेश से विषय विशेष

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में आज 23 मार्च से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होंगा। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के द्वारा पर्यावरणीय परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन तथा सतत विकास विषय पर दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों की सहभागिता रहेगी। सम्मेलन में सम्पूर्ण भारत के साथ अन्य देशों के शोधकर्ता लेबनान, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और रूस से शामिल होने जा रहे है। सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरणीय परिवर्तन की वर्तमान चुनौतियों, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा सतत विकास की दिशा में प्रभावी योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिभागी अपने शोध प्रस्तुत करेंगे तथा जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, जैव विविधता, स्वच्छ ऊर्जा एवं कृषि स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी यादव ने बताया कि यह आयोजन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से नीति निर्माण, नवाचार एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा।सम्मेलन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी एवं प्राध्यापक भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर महाविद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण है। आयोजन को महाविद्यालय परिवार ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूर्ण की है।

## उपभोक्ता रिसिव नहीं कर रहे गैस सिलेंडर, बिना जरूरत कर रहे है बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



यहां स्थानीय स्तर पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर कमी नहीं है, लेकिन उपभोक्ताओं को जरूरत नहीं होने पर भी सिलेंडर बुकिंग बेतहाशा बढ गई है। जिन्होंने रसोई गैस सिलेंडर बुक किया है उनके घर जब गैस एजेंसी की गाडी डिलेवरी के लिए जा रही है तो, उपभोक्तागण डिलेवरी लेने से इंकार कर रहे है, क्योंकि उनका घर का सिलेंडर अभी खत्म नहीं हुआ है।

बीते कुछ दिनों से नगरीय क्षेत्र में इस प्रकार के हालात चल रहे है, ऐसी जानकारी मोहन ज्योति इंडेन गैस एजेंसी के संचालक निलेश राठी ने दी। मोहन ज्योति इंडेन गैस एजेंसी ने आमजनों से अपील की है कि रसोई गैस की कमी नहीं लेकिन पैनिक होकर बुकिंग ना करे। इन दिनों पैनिक बुकिंग का प्रतिशत काफी बढ गया है, जिससे घरेलु रसोई गैस की कमी होने का झूठा वातावरण पैदा हो रहा है।

## सशक्त युवा,सशक्त संरक्षण: पेंच टाइगर रिज़र्व की अनूठी पहल

**बिछुआ।** पेंच टाइगर रिज़र्व द्वारा बफर क्षेत्र में निवासरत स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से मार्च के प्रथम सप्ताह पेंच टाइगर रिजर्व के में खवासा ट्रेनिंग हॉल में आयोजित रोजगार शिविर के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं।इस रोजगार शिविर में **Tata Motors** तथा **Larsen & Toubro** (**L&T**) जैसी प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई थी।आज दिनांक 22/03/2026 को सफलता के सोपान रचते हुए प्रथम चरण में चयनित 16 उत्साहित युवाओं को बस द्वारा नागपुर के लिए रवाना किया गया, जहां से वे आगे गुजरात के अहमदाबाद (सानंद) स्थित **Tata Motors** प्लांट में अपने करियर को दिशा देने कार्य हेतु प्रस्थान करेंगे। शेष 3 युवाओं ने **Larsen & Toubro** (**L&T**) में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पेंच प्रबंधन द्वारा इन युवाओं के लिए बस टिकटों की व्यवस्था तथा गुजरात में रुकने इत्यादि के लिए प्रारंभिक सेटलमेंट हेतु आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला छिंदवाड़ा के बिछुआ में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित युवाओं के गौरान्वित अभिभावक, चौरई माननीय विधायक महोदय श्री चौधरी सुजीत मेरसिंह, जिला भाजपा मंत्री लक्ष्मीकांत नागरे, मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,प्रमोद श्रीवास, हेमराज मांडेकर,श्रवण कामडे उपस्थित रहे तथा उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पेंच टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक श्री देवाप्रसाद, उप संचालक श्री पुनीत गोयल के निर्देशन में युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर सम्मानित जनप्रतिनिधियो, **SDO** सर, एवं रेंज ऑफिसर एम एस मरावी,बिसेन, एवं बलवंत कैशवाल एवं उनका समस्त स्टाफ उपस्थित रहकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया और सभी को उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और स्मरणीय पड़ाव बताया।पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी प्रबंधन द्वारा इन युवाओं को उद्योगों से जोड़ने के लिए सतत मार्गदर्शन एवं हैंड-होल्डिंग और सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपने करियर की सफल शुरुआत कर सकें।



## खबर संक्षेप

### मकानसूचीकरण हेतु आयोजित होंगे प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण जनपद कार्यालय परिसर नरसिंहपुर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तहसील व नगर परिषद गोटेगांव, तहसील व नगर परिषद गाडरवारा, नगर पालिका सालीचैका, नगर परिषद चीचली और तहसील व नगर पालिका तेंदूखेड़ा के लिए 23 मार्च से 25 मार्च तक प्रात 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह तहसील व नगर पालिका नरसिंहपुर, तहसील व नगर पालिका करेली और तहसील व नगर पालिका सांईखेड़ा के लिए 30 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक प्रात 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### ई-टेंडर द्वारा छठवां चरण का निष्पादन कार्यक्रम जारी

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन की वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के अनुसार सर्वसाधारण की जानकारी एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिए आबकारी नीति के प्रावधानों के अनुरूप जिले में निष्पादन के पांचवें चरण तक गठित पुनर्गठित 13 समूहों, जिसमें 42 मदिरा दुकानों के निष्पादन उपरांत निष्पादन से शेष रही 12 दुकानों का निष्पादन पुनर्गठित 3 समूहों में छठवें चरण में एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति द्वारा ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन नरसिंहपुर में किया जाएगा। जिले की समस्त मदिरा दुकानें कम्पोजिट शॉप होंगी अर्थात मदिरा दुकानों पर देशी एवं विदेशी दोनों प्रकार की मदिरा विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान पर बैठकर मदिरा पीने की सुविधा अनुमति नहीं होगी।

### जनाकर्षण का केंद्र बना कंकाली मठ

**तेंदूखेड़ा** शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्र नवरात्र पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई है।

## अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

रविवार को अध्यापक संयुक्त मोर्चा द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा विशाल वाहन रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा ने शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। मोर्चा द्वारा प्रमुख रूप से टी.ई.टी परीक्षा के मुद्दे पर सरकार से रिव्यू पिटीशन दायर कर शिक्षकों के हित में खड़े होने का अनुरोध किया गया। साथ ही राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के लोक सेवकों को उनकी नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान किए जाने की मांग भी उठाई गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विद्यालयों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे अतिथि शिक्षक, वोकेशनल शिक्षक, आईटीसी इंस्ट्रक्टर, करियर एवं मेंटल काउंसलर, प्रीप्राइमरी सहायिका तथा आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे अस्थायी कर्मियों को नियमित किए जाने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुख रूप से शामिल रही। अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने शासन से अपेक्षा जताई कि उक्त मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा,

## सोना दोगुना करने के चक्कर मे गवां बैठी सोने के जेवरात व नकदी




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विगत दिवस नगर के समीपी क्षेत्र में सोना डबल करने के लालच में एक महिला लगभग 8-10 तोला सोने के जेवर और नकदी गंवा बैठी। मामला शहर के छिंदवाड़ा बायपास क्षेत्र का है। घटनाक्रम बीते 14 मार्च का बताया जा रहा है जिसमें पुलिस को महिला की ओर से शिकायती आवेदन 16 मार्च को मिलना बताया गया है। जानकारी के अनुसार रजनी विश्वकर्मा 50 वर्ष अपनी मां के साथ बांसकुंवारी रोड हाइवे के पास रहती हैं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। रजनी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अजय मेहरा उर्फ अज्जू ने उन्हें एक तथाकथित बाबा का मोबाइल नंबर दिया और उनसे संपर्क करवाया। बताया जा रहा है कि बाबा से संपर्क करने पर उस व्यक्ति ने खुद को मुल्ला अजमेर बताया और तंत्र-मंत्र के जरिए सोना दोगुना करने का झांसा दिया। फोन पर उसे झांसे में लेकर उसके सोने के आभूषण, चेन, झुमकी, अंगूठियां, चूडियां, हार, पायलों समेत लगभग 8-10 तोला सोना, 60 हजार रुपए नकद और मोबाइल को लाल कपड़े में बांधकर घर के पास खाली प्लॉट में रखने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि पीछे मुडकर न देखें और एक घंटे बाद लौटने पर सामान दोगुना मिलेगा। महिला ने बाबा के निर्देशों का पालन किया। लेकिन जब वह वापस मौके पर पहुंचीं तो पूरी गठरी गायब थी। इसके बाद पीडिघ्ता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और स्टेशन गंज थाने में की। इस मामले में स्टेशनगंज थाना प्रभारी सौरभ पटेल के अनुसार मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से कहा है कि इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन या अंधविश्वास में न पड़ें।



## शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार डीपीआई भोपाल द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी संबंधी आदेश से उत्पन्न स्थिति लेकर को प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के निर्देशानुसार राज्य शिक्षक संघ नरसिंहपुर के आह्वान पर रविवार को ग्राम लोलरी में म प्र शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट में मध्यप्रदेश शासन की ओर शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी के संबंध रिव्यु पिटीशन दायर किए जाने हेतु मांग की एवं ज्ञापन सौंपकर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त अवसर पर शिक्षा मंत्री ने टी ई टी के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किए जाने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही कहा कि शिक्षक संगठन भी अपनी ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर अपना पक्ष रखें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत जाट प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेंद्र त्रिपाठी प्रदेश मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल प्रांतीय संगठनमंत्री कोमल सिंह पटेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमेंद्र जाट जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा आशीष नामदेव पुरुषोत्तम बसेड़यिा महेश वैष्णव मदन शुक्ला कमलेश शर्मा शमीम कुरैशी जयप्रकाश कोष्ठी सचिन गुप्तसहित सैकड़ों शिक्षक साथी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस पर सम्पन्न हुई संगोष्ठी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक- 2 बसुरिया में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा पंचवटी खेरुआ में जल गोष्ठी, पौधरोपण एवं पंचवटी वृक्ष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष मित्र संस्था के संस्थापक योगेन्द्र सिंह, बागेश्वरी साहित्य परिषद के मुख्तयार, संतोष अग्रवाल, आशीष गोलू राय, राजेश पाल सहित नवांकुर संस्था के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंतर्गत जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जल संकट एवं उसके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। योगेन्द्र सिंह ने बताया कि विश्व जल दिवस 2026 की थीम जल और लैंगिक समानता पर आधारित है तथा जल संवर्धन को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। रामकृष्ण राजपूत ने जल है तो कल है का संदेश देते हुए जल संसाधनों के संरक्षण पर जोर दिया। संतोष अग्रवाल ने जल बचाओ अभियान पर गीत प्रस्तुत किया। रीतेश मेहरा ने सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इसके पश्चात उपस्थित जनों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आभार प्रदर्शन श्री रामेश्वर वर्मा ने व्यक्त किया। इस आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जनजागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया और सभी ने मिलकर जल बचाने का संकल्प लिया।

## पत्रकारिता में सादगी से तीखा प्रहार करने के हुनर से बनाई अलग पहचान

**करेली** 25 जून 1975...भारत के इतिहास का वो काला दिन जो आज भी देश की शान पर बदनुमा दाग की तरह है. इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी (आपातकाल) की घोषणा कर दी थी. आपातकाल से मतलब है लोगों के अधिकार खत्म और सिर्फ अंधा कानून. संविधान का कोई मतलब ही नहीं रह गया था. जो भी इसके खिलाफ आवाज उठाता उसे जेल में ठूंस दिया जाता था. जब देश भर की जेलें राजनैतिक कैदियों से भर गई तो सरकारी इमारतों को अस्थाई जेल बनाकर आपातकाल के विरोधियों को उसमें रखा गया. इस सबके बीच सुकून की सिर्फ एक वजह, एक आस थी...वो थे देश के युवा. जिन्होंने ठान लिया था कि इस तानाशाही के आगे नहीं झुकेंगे. उन्होंने जान की बाजी लगाकर आपातकाल का विरोध किया. फिर चाहे वो गांव हो या शहर हर जगह एक ही नारा था इस देश के लोकतंत्र को बचाना है, यहां के संविधान को बचाना है. देश के दिल से उठी विरोध की आवाज... देश के दिल मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के छोटे से कस्बे करेली के युवा भी इससे इतर नहीं थे. उन्होंने भी जैसे ही आपातकाल की घोषणा सुनी, इसके विरोध में नगर के मुख्य मार्ग पर जुलूस निकाला. जमकर नारेबाजी की, जिनमें से कई नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इससे आंदोलनकारियों को यह समझ आया कि ये लड़ाई लंबी चलने वाली है. तब उन्होंने भी इसके लिए कमर कस ली.।

**खबर संक्षेप**

## डुण्डासिवनी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को किया सकुशल दस्तयाब

**डुण्डासिवनी** एक आरोपी पुलिस गिरफ्त मे पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन में एवं ए.एस. पी. श्री दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेतृव मे कार्य करते हुए थाना डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 27/12/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 17 वर्ष 09 माह कि नाबालिग बालिका घर से अपने मामा के घर ग्राम डुंगरिया घूमने गयी थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 584/25 धारा 137(2) वीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो अपहृता का इंदौर में होना पाया गया जो थाना स्तर पर टीम गठित कर इंदौर रवाना होकर अपहृता को दस्तयाब कर सिवनी लाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया विवेचना में पाया गया कि रोहित सेन निवासी तकिया वार्ड छपारा के व्दारा शादी का प्रलोभन देकर अपहृता को अपने साथ भगा ले गया था। जो उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जिसे न्यायालय के आदेश पर जिला जेल सिवनी निरुद्ध किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** (1) रोहित पिता रमेश सेन उम्र 24 साल निवासी छपारा थाना छपारा जिला सिवनी। विशेष भूमिकाः निरी. चैनसिंह उइके, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), आरक्षक अखिलेश माहोरे अंशुमन राजपूत, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, सीताराम जावरे, वर्षा वर्मा ।

## नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**सिवनी**। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने रबी मौसम 2025-26 में फसलों की कटाई के बाद पराली/नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रतिबंधात्मकआदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में पराली/नरवाई में आग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिले में संचालित कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर या स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम की अनिवार्य रूप से जांच एवं निगरानी की जाएगी। बिना इन उपकरणों के हार्वेस्टर संचालन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।आदेश के तहत पराली/नरवाई जलाने पर अर्थदण्ड निर्धारित किया गया है— 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपये प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ तक 5000 रुपये प्रति घटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रुपये प्रति घटना वसूले जाएंगे।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

## गुटखा की कालाबाजारीः दोगुने दामों में बिक रहे पाउच, प्रशासन मौन

**सिवनी**/जिला मुख्यालय। जिले में इन दिनों गुटखा पाउच की कालाबाजारी जोरों पर है। हालात यह हैं कि गुटखा पाउच निर्धारित मूल्य से दोगुने दामों में बेचे जा रहे हैं। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर जगह उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली की जा रही है।सूत्रों के अनुसार, कुछ होलसेलर बाजार में कृत्रिम कमी का हवाला देकर गुटखा पाउच ऊंचे दामों में सप्लाई कर रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर खुदरा व्यापारी भी ग्राहकों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं।

# जंगल में महुआ चुनने गए युवक को हिंसक बाघ ने बनाया शिकारः अचानक बाघ ने किया हमला, दर्दनाक मौत

बरघाट

वन विकास निगम बहरई के अंतरा बीट से सटे नाले में आज बाघ ने हमला कर एक व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया मची चीख पुकार ग्राम अँखिवाड़ा निवासी अशोक उईके पिता प्रेमलाल उईके उम्र 50 वर्ष कल दिनांक 20 मार्च को सुबह सात बजे अपने घर से महुआ चुनने जंगल की ओर गया था, निरंतर दूसरी घटना फिर भी वन विभाग का आदमखोर बाघ पर कोई अंकुश नहीं आखिर क्यों क्या यह लापरवाही या सक्रियता राकेश अगरवार विकासखंड बरघाट के बेहरई वन परिक्षेत्र में जंगली जानवरों की चहलकदमी निरंतर बढ़ती जा रही है जिससे यह हिंसक जानवर अब महुवा चुनने वाले लोगो पर अचानक हमला कर अपना शिकार बनाते जा रहे हैं। विगत दिवस शाम को जंगल की ओर गए युवक का पता नही चलने पर वह घर वापस नहीं आया तो परिवार के लोग कुछ ग्रामीणों के साथ उसे ढूंढने निकले,कुछ ही समय बाद मृतक का शव अंतरा बीट से सटे लामता प्रोजेक्ट के नाले में मिला जिसका अधिकतर हिस्सा बाघ के द्वारा खा लिया गया था ।





### दूसरा वेयक्ति जपेट में आने से बचा पहले मृतक का बनाया गया पंचनामा

घटना स्थल पर जिस समय पंचनामा कार्यवाही चल रही थी उसी समय घटना को देखने पहुंचे तो शब्बीर खान पर बाघ ने हमला करने का प्रयास किया सौभाग्य से आष्टा निवासी शब्बीर खान की जान बच गई अन्यथा बाघ इनपर हमला करने ही वाला था। घटना स्थल पर पंचनामा कार्यवाही करते समय विभागीय अधिकारियों सहित लगभग दो सौ ग्रामीण मौजूद थे इसके बवाजूद बाघ ने हमला करने की कोशिश की जिससे प्रतीत होता है कि यह बाघ आदमखोर बन गया है जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की ओर से समीप के सभी ग्रामवासियों को समझाइश दी गई है कि जंगल में अकेले ना जाए और किसी भी कारण से रात के समय जंगल में जाने से बचे,

### घात कर जंगल के अंदर भागा बाघ

वन विकास निगम बहरई के वन अमले सहित लामता प्रोजेक्ट के अधिकारी कर्मचारी बाघ की पहचान और लोकेशन को पता करने के लिए जंगल में कैमरा लगाने का काम कर रही हैं जिससे बाघ की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मृतक का शव

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई,रात में किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना संभव नहीं था जिस कारण से प्रशासनिक अमला आज दिनांक 21 मार्च को घटना स्थल पर पहुंचा और विधिवत कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा भेजा गया।

### निरंतर दूसरी घटना फिर भी विभाग मौन आखिर क्यों

वन विकास निगम के वन परिक्षेत्र बहरइ अंतर्गत एक माह में ये दूसरी घटना है जिसमें बाघ के द्वारा इंसान पर हमला कर अपना शिकार बना लिया गया है अभी कुछ ही समय पहले ग्राम पांडरवानी में बाघ के द्वारा एक महिला को अपना शिकार बना लिया गया था और अब ये दूसरी घटना घटित हो गई वन विभाग ये जानने की कोशिश कर रहा कि कही ये दोनों घटनाओं के लिए एक ही बाघ तो जिम्मेदार नहीं है अगर ऐसा है तो आने वाले समय में इस तरह की घटना पुनः घटित होना संभावित है। क्या वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान आकर्षित कर बाघ पर अंकुश लगा पाएंगे या नहीं यह समझ के परे है।

# 31 वर्षों से अखंड ज्योत गर्भ गृह में निरंतर जल रही



बंडोल

31 वर्षों से अखंड ज्योत गर्भ ग्रह में निरंतर जल रही है मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतेन्द्र शास्त्री ने बताया की चैत्र नवरात्र पर योग माया कात्यानी सिद्ध पीठ बंडोल में मंदिर परिसर पर 681 मनोकामना ज्योत जगमगा रहे हैं। छठवीं के दिन माता के दरबार में विशेष पूजन अर्चन किया जाता है।

### मां कात्यानी के दर्शन से पूरी होती है मनोकामना

संवत 2051 माघ शुक्ल 10 फरवरी 1995 को योग माया कात्यानी की प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्मलीन जगतगुरु द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती महाराज के द्वारा की गई थी इन 31 वर्षों में मां की महिमा जिला ही नहीं देश-विदेश तक फैल गई निरंतर भक्तों की भीड़ प्रातः से लंबी लाइन के द्वारा दिखाई देने लगी देश विदेश से एवं दूर-दूर से मनोकामना कलश भक्तों के द्वारा रखे जाने लगे।

वैसे भी मां कात्यानी का वर्णन स्कंद पुराण में उल्लेखित है की भगवान श्री कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने कालिंदी यमुना के किनारे देवी कात्यानी की पूजा व आराधना की थी कात्यानी सिद्ध पीठ में 24 तारीख दिन मंगलवार को षष्ठी का विशेष पूजन किया जाएगा पुजारी ने बताया की जिस कन्या वा वर की शादी में अड़चन आ रही है एवं संतान अभिलाषी भक्तों के लिए विशेष पूजन किया जाता है मां के आशीर्वाद से हजारों भक्त इस पूजन से मनोकामना पूर्ण कर चुके हैं मां कात्यायनी को छठे दिन ही पूजा जाता है कात्य गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना कठिन तपस्या की उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया इसीलिए यह देवी कात्यानी कहलाई।

# दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज ने किया हनुमान घाट की सफाई

सिवनी

मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान जल शक्ति से नव भक्ति के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान से संबद्ध संस्था दिव्य शिक्षाआदर्श समिति गोपालगंज द्वारा हनुमान घाट गोपालगंज की साफ सफाई की गई।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिवनी के समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी के नेतृत्व एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के सानिध्य में ब्लॉक सिवनी के सेक्टर गोपालगंज में नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति ने जल शक्ति से नव भक्ति के तहत कार्यक्रम किया।




इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी एवं श्री बद्री सनोदिया जी ने स्वयं उपस्थित होकर हनुमान घाट की सफाई का क्रम चलाया । घाट में मौजूद विभिन्न प्रकार का प्रदूषण जैसे पॉलीथिन,प्लास्टिक की बोतल,फेंके गए कपड़े,माला,एवं उपस्थित कचरे को फावड़े एवं कुदाली की सहायता से इकट्ठा कर जलाया गया। हनुमान मंदिर परिसर के आसपास उपस्थित अनुपयोगी हरे घास को हशिया की सहायता से काटकर दूर फेंका गया साथ ही पेड़ पौधों की पत्तियों को झाड़ू की सहायता से इकट्ठा कर डिस्पोज किया गया। साफ-सफाई के बाद उपस्थित संस्था के वालंटियर्स को दिव्य शिक्षा आदर्श समिति के अध्यक्ष द्वारा जल संरक्षण पर सभी को शपथ दिलाई गई। आज के इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालगंज के साथ साथ शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान सिवनी का सहयोग सराहनीय रहा।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती माया भलावी, श्रीमती सोनी अवधिया,अंबिका साहू,पूजा राठौर ,विशाल अवधिया, श्रीमती द्रोपति साहू,श्री बद्री सनोदिया जी, गुलशन साहू, अनिकेत नागेश राजा चंद्रवंशी आदि का सहयोग रहा।

# अटल सुशासन भवन सिवनी का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न, मंत्री श्री पटेल ने रखी आधारशिला

सिवनी

22 मार्च 2026/ पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रविवार को ग्राम सिमरिया में आयोजित अटल सुशासन जनपद पंचायत भवन सिवनी के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से उन्नत एवं सुव्यवस्थित त्रिस्तरीय पंचायत भवनों की आधारशिला रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में 106 अटल सुशासन भवन तथा 2500 अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इन भवनों के निर्माण से प्रशासनिक कार्यों में दक्षता आएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

कार्यक्रम में लगभग 5 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अटल सुशासन जनपद पंचायत भवन का विधिवत भूमिपूजन किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अटल सुशासन जनपद भवन एवं ग्राम सेवा सदन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। इन भवनों में प्रशासनिक अधिकारियों, मैदानी अमले और जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था के साथ ही उन्नत मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष एवं रिकॉर्ड रूम की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। आने वाले 2-3 वर्षों में प्रत्येक गांव पक्की सड़कों से जुड़ जाएगा तथा हर घर तक बिजली पहुंचाई जाएगी। साथ ही वर्ष 2028 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री श्री पटेल ने शुद्ध पेयजल और स्वच्छ हवा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने प्रस्तावित जनपद भवन के समीप स्थित बरसाती गड्ढे को विकसित कर जल संग्रहण के लिए तैयार करने के साथ ही कार्यालय परिसर में लगभग आधा एकड़ भूमि में लघु जंगल विकसित करने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्री पटेल ने जलगंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि पूर्व अभियान में जिले में अमृत सरोवर एवं खेत तालाबों के निर्माण में सराहनीय कार्य हुए हैं, जिससे सिवनी देश के अग्रणी जिलों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल शासकीय योजनाओं तक सीमित न रहकर जन-आंदोलन का स्वरूप ले, इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वर्षा जल का अधिकतम संचयन सुनिश्चित करते हुए पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में विकसित किए जा रहे अटल सुशासन भवन ग्रामीण प्रशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने कहा कि सिवनी जिले में निर्मित होने वाला यह जनपद भवन आम नागरिकों को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

# मंत्री श्री पटेल सिवनी एवं घंसौर में अटल सुशासन भवनों का करेंगे भूमिपूजन



सिवनी

21 मार्च 2026/मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का रविवार 22 मार्च 2026 को सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे।

जारी कार्यक्रमानुसार मंत्री श्री पटेल प्रातः 11:30 बजे, ग्राम पंचायत सिमरिया, सिवनी पहुंचकर "अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन)" का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम उपरांत मंत्री श्री पटेल सिमरिया से प्रस्थान कर दोपहर 02:00 बजे, जनपद पंचायत घंसौर पहुंचकर "अटल सुशासन भवन" का भूमिपूजन करेंगे तथा 03:00 बजे, घंसौर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अवैध अतिक्रमण की चपेट में रुमाल जलाशय की नहर

उगली

उगली के अंतर्गत तिलवारा बाईं तट नहर एरिकेशन विभाग के अंतर्गत रुमाल जलाशय जो उगली से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है इस जलाशय का उपयोग रुमाल, कंचनवाड़ा,झित्तर्रा, मोहबर्रा, खामी, पोंडी,मलारी, खरपड़िया के कृषक रवि एवं खरीफ की फसल में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होता है, बात की जाए इस जलाशय की नहर जो बहुत बड़े क्षेत्र को सिंचित करती है, अतः नहर के रखरखाव या मेंटेनेंस की बात की जाए तो धरातल पर हासलाई जीरो है, जगह-जगह से यह नहर की टूट फूट हो चुकी है,.... नहर के निकट फैला अतिक्रमण...बात की जाए उगली मुख्यालय की तो ग्राम पंचायत उगली के अंतर्गत जनपद पंचायत केवलारी के द्वारा इस नहर के निकट बस स्टैंड में जनपद का एक कांपलेक्स परिसर विगत 10-20 दशक पूर्व निर्माण किया जा चुका है, जिसका संचालन भी जनपद पंचायत केवलारी ही करती है,जिसको लेकर स्थानीय और कुछ बाहरी पूंजीपतियों के द्वारा जनपद परिसर के 1-2-3-4 कमरे रखकर सरकारी शुल्क जो जनपद में दी जाती है, उसके विपरीत किराया लेकर है, कमरे मनमाने किराये अनुसार देकर व्यवसाय किया जा रहा है,ऐसे व्यवसायी जिनके पास में परिसर के निकट खाली जगह नहर के समीप के हिस्से में भरन आदी कर अपने ठेले,टपरा व कुछ टीन सेड युक्त दुकानें लगाकर भी जीविका पार्जन किया जा रहा है, लेकिन इसके विपरीत उगली के कुछ पूंजी पतियों के द्वारा इस सरकारी संपत्ति को अपनी निजी संपत्ति समझी जा रहा है, कहीं पर निजी स्वार्थ के लिए वैकल्पिक पुलिया निर्माण या अपने वाहनों को खड़े करते हैं, जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है, सबसे जटिल समस्या साप्ताहिक बाजार दिन शनिवार के दिन अक्सर देखा जाता है, इन व्यापारियों के द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामने अपने वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है, जिससे अन्य व्यापारियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है. विगत शनिवार को दो व्यापारियों के बीच जमकर विवाद हुआ, अतः पुलिस प्रशाषन के द्वारा विवाद को शांत किया गया. कुछ व्यापारी जैसे अपने दुकान के कुछ कचरा नहर,नाली में डालते हैं, जिसकी वजह से भी नहर में गंदगी बनी रहती है,कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को रुमाल जलाशय के अंतर्गत नहर की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहिए।

# यात्री ट्रेने देरी से चल रही, ब्रॉडगेज संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में ब्रॉडगेज संघर्ष समिति (ब्रासंस) ने रविवार को रेलवे स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीआरएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में ट्रेनों की लेत-लतीफी, नई रेल सेवाओं की शुरुआत और जमीन अधिग्रहण के बदले मुआवजे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है।

समिति का आरोप है कि बालाघाट से गुजरने वाली पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। पहले इसके लिए गोंदिया ओवरब्रिज और अब दोहरीकरण कार्य को कारण बताया जा रहा है।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूपसिंह बैस ने आरोप लगाया कि अडानी की मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके कारण 'मूकमाटी एक्सप्रेस' जैसी यात्री ट्रेनें पिछड़ जाती हैं।

ब्रासंस ने मांग की है कि बालाघाट होकर पेंचवली, सतपुड़ा और नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेनों को दोबारा शुरू किया जाए। साथ ही, भोपाल-इंदौर ट्रेन सेवा की शुरुआत और पेंचवली एक्सप्रेस को गोंदिया से चलाने का प्रस्ताव भी दिया गया है।

समिति का कहना है कि खनिज और वन संपदा से समृद्ध होने के बावजूद बालाघाट के रेल यात्री आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

ज्ञापन में रेलवे लाइन विस्तार के लिए अधिग्रहित की गई जमीन के बदले किसानों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग दोहराई गई है। अनूपसिंह बैस ने कहा कि रेलवे ने पहले नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन अब इससे मुकर रहा है, जिससे उन किसानों के साथ अन्याय हो रहा है जिन्होंने अपनी जमीन दी थी। समिति ने स्थानीय सांसद पर भी रेल सेवाओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। ब्रासंस ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में रेल मंत्रालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।

# प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ने हर्षोल्लास के साथ मनाया हिन्दू नववर्ष







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

19 मार्च को प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में 'गुड़ी पड़वा' एवं हिन्दू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तथा कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा, संचालिका श्रीमती दुर्गा वर्मा, प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार एवं ब्रांच हेड पायल वड़ाईकर द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा द्वारा 'गुड़ी पड़वा' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। उन्होंने हिन्दू नववर्ष के आगमन पर विक्रम संवत के महत्व एवं भारतीय संस्कृति की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हिन्दू नववर्ष की शुरुआत विक्रम संवत से मानी जाती है, जिसकी स्थापना लगभग 57 ईसा पूर्व में सम्राट विक्रमादित्य द्वारा की गई थी। इसी कारण हिन्दू नववर्ष (विशेषकर उत्तर भारत में) विक्रम संवत के प्रथम दिन से मनाया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार नववर्ष का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है, जिसे महाराष्ट्र में 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में 'उगादी' तथा उत्तर भारत में हिन्दू नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिसमें नृत्य, गीत एवं पारंपरिक वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रही। पूरे परिसर में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।अंत में सभी ने एक-दूसरे को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।"

# वारासिवनी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ईदुल फितर का पर्व वारासिवनी नगर में बड़े ही उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। एक माह तक रोजा रखने के बाद शुक्रवार की रात में चॉद दिखने के बाद शनिवार को ईद का त्यौहार मनाया गया। पुलिस थाना वारासिवनी के पीछे स्थित ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। इस दौरान मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। उसके बाद कब्रिस्तान में जाकर अपनों की याद में फातिहा पढ़ा। स्थानीय स्तर पर हिंदू और अन्य समुदायों के लोगों ने भी अपने मुस्लिम मित्रों को बधाई दी, जो शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने साथियों के साथ ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी वारासिवनी अध्यक्ष इकबाल खान ने बताया कि यह एक महीने की इबादत और सब्र के बाद खुदा का इनाम है। उन्होंने वारासिवनी के समस्त नागरिकों को ईद की तहे दिल से मुबारकबाद देता हुए शासन-प्रशासन व मीडिया का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## मॉम किचन व अंजली ट्रेवल्स का सामन के साथ तोड़ा गया भवन

# भारती पारधी सांसद का खेला, गौतम भवन किया गया जमींदोज





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर के गोंदिया रोड़ स्थित गौतम भवन को जर्जर बताते हुए नगरपालिका ने बुलडोजर से रविवार को जमीदोज कर दिया। जिसके बाद अब आरोपों में घिरता हुआ दिखाई दे रहा हैं, पूर्व सांसद कंकर मुंजाने ने आरोप लगाते हुए कहा कि गौतम भवन जर्जर नहीं हुआ हैं, इसका कारण हैं कि इस भवन को किराएदारों से खाली करना हैं जो सांसद भारती पारधी के संरक्षण में नगरपालिका के द्वारा भवन को तोड़ा गया हैं। शहर में चर्चाए हैं कि यह भवन तो अनुराग उर्फ मांटू चतुरमोहता के द्वारा खरिदा गया है, जिसके बाद यह कार्यवाही की गई है। यह भी बताया जा रहा हैं कि राजकुमार कुकरेजा के द्वारा मामला सिविल न्यायालय में विचाराधिन है।उल्लेखनीय है कि गत दिवस भवन मालिक ने राजकुमार उर्फ राजा कुकरेजा व मॉम किचन के संचालक द्वारा पैसों की मांग को लेकर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जुलुस भी निकाला था, तभी से चर्चाए तेज हो चली थीं कि आखिर भवन मालिक के पिछे कौन शख्स है? जिसके पश्चात 22 मार्च रविवार को सुबह जेसीबी व पोकलैण्ड मशीन के साथ नगरपालिका प्रशासन, राजस्व प्रशासन व भारी पुलिस बल के साथ गौतम भवन पर दुकाने बगैर खाली कराए ही तोडऩा शुरू कर दिए और शाम तक भवन को जमीदोज करने की कार्यवाही चलते रहीं। इधर, किरायेदार रेडियम दुकान मालिक श्री राजपुत ने बताया कि हमें प्रशासन ने कोई नोटिस नहीं मिला और रविवार दिन देख कर प्रशासन ने भवन को जर्जर बताकर तौड़ दिया गया। दुकानदार सौरभ साडिलकर ने बताया कि हमे कोई नोटिस नहीं दिया गया और कार्यवाही के कुछ समय में ही खाली करने की बात कहीं गई, जिसके बाद जेसीबी मशीन से भवन को तोडऩे की कार्यवाही की गई।

### सिविल न्यायालय में केश विचाराधिन

अंजली ट्रेवल्स संचालक राजा कुकरेजा के परिवार ने बताया कि रमन गौतम की जगह पर गौतम भवन कॉम्प्लेक्स बना हुआ हैं। मकान मालिक श्रीमती सविता गौतम एवं नितेश गौतम के मध्य तहसील एवं जिला बालाघाट स्थित भूमि खसरा नं २९*/२८, २९*/११/ख रकबा ०.०१४ हे. भूमि जिस पर गौतम काम्पलेक्स बना हुआ हैं, पर स्थित दुकान नंबर ७ के सबंध में एक व्यवहार वाद न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बालाघाट के न्यायालय में संविदा के विशिष्ठ पालनाथ लंबित है। उक्त दुकान का विक्रय अनुबंध पत्र भी हैं। भवन को प्रशासन ने न्यायालय की अवेल्हना करते हुए गिराया गया हैं, और जो दुकान में रखा हुआ लाखों रूपए की सामग्री भी नष्ट कर दी गई हैं।

### सांसद के संरक्षण में यह कार्यवाही

युवा नेता तबरेज पटेल ने बताया कि शनिवार की रात्री को नोटिस दिया गया और रविवार को प्रशासन के द्वारा यह कार्यवाही की गई हैं, यह भवन जिले के बड़े नेताओं के साथ पाटनरशीप में अनुराज चतुरमोहता के द्वारा खरीदा गया हैं, करोड़ो रूपए का खेल है। देखा जा रहा हैं कि नगरपालिका में गरीबों का काम नहीं होता और अमीरों के काम के लिए रविवार को जिला का पुरा अमला यहां मौजूद है। यह भवन जर्जर नहीं है बावजूद इसके यह तोड़ा जा रहा है, जबकि दुकानों में लाखों रूपए का सामान रहने के बाद भी तोड़ दिया गया जबकि उन्हे खाली कराने का समय भी नहीं दिया गया। चर्चाए हैं कि सांसद भारती पारधी का संरक्षण हैं तभी यहां पुरा अमले के द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

### सांसद भारती के सरंक्षण का आरोप

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने गौतम काम्लेक्स को तोडऩे को लेकर सांसद भारती पारधी को घेरते हुए आरोप लगाया हैं कि सांसद भारती पारधी के संरक्षण पर मोंटू चतुरमोहता ने 12 करोड़ में गौतम काम्लेक्स खरीदा हैं, जिसको खाली करने के लिए सांसद के निशानदेही पर जिला प्रशासन, नगरपालिका व राजस्व अमले के द्वारा भवन को जर्जर बताते हुए तोडऩे की कार्यवाही की गई है। नगरपालिका के द्वारा नोटिस देते ही भवन का तोडऩे की कार्यवाही की गई है जो गलत है, भवन जर्जर नहीं है जर्जर बताकर केवल दुकानदारों को खाली कराने की नियत से यह कार्यवाही की गई है। वैसे तो बताया जा रहा हैं कि एक दुकानदार और दुकान मालिक के मध्य सिविल न्यायालय में मामला विचाराधिन हैं उसके बाद भी यह कार्यवाही न्यायालय की अवेल्हना करते हुए कार्यवाही की गई है।

### प्रशासन ने दी सफाई

नगरपालिका सीएमओं श्री करतोलिया ने बताया कि मकान मालिक ने नगरपालिका को आवेदन दिया गया था कि भवन तोड़ा जाए, जांच में पाया गया कि भवन जर्जर है, जिसके पश्चात भवन को तोडऩे की कार्यवाही की गई है। राजस्व एसडीएम गौपाल सोनी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में जर्जर भवन को हटाए जाने के प्रावधान हैं इस संबंध में गोंदिया रोड़ में गौतम परिवार की भवन जर्जर पाई गई, जिसकी नगरपालिका व पीडब्लूडी विभाग की रिपोर्ट के बाद भवन जर्जर पाया गया। सीएमओं के द्वारा हमें भवन को तोडऩे के लिए लिखा था, जिसके पश्चात पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में तोडऩे की कार्यवाही शुरू की गई। हमें जो पत्र मिला हैं उस आधार पर दो माह से यह कार्यवाही चल रहीं है पहले भी सूचना दे दी गई थीं, उसके पश्चात ही यह सीएमओं के द्वारा कार्यवाही की गई है।

# विश्व जल दिवस पर प्रस्फुटन समिति ने किया तालाब एवं वृक्षों का पूजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विश्व जल दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोचेवाही (लांजी) द्वारा "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल स्त्रोतों एवं वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम जन को संदेश दिया गया कि जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर मृणाल मीणा एवं जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशानुसार तथा विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा तालाब एवं वृक्षों का विधिवत पूजन-अर्चन कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष तुलसीराम उके ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। वहीं सरपंच संतोष यादव ने कहा कि जल और प्राणवायु के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए नदी, तालाब, कुएं और वृक्षों का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सीधा असर खेती और किसानों की आजीविका पर पड़ रहा है।

इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई का कार्य भी किया गया, जिससे स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया जा सके।

कार्यक्रम में संपतराव भागडकर, रोशन लाल धारने, राजेंद्र भागडकर, गोविंद पंचाले, हुलासराम पंद्रे, रामप्रसाद यादव, हरिचंद सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 79वां वर्ष ज्योति कलशों से जगमगाई किरनापुर की मां किरनाई मंदिर

**किरनापुर।** जय मां किरनाई मंदिर मनोकामना ज्योति कलश किरनापुर में 79 वां वर्ष नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। जहां किरनापुर सहित क्षेत्र के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के समस्त देवी मंदिरो मे विधी विधान से नवरात्रि पर्व की पूजा अर्चना की गई एवं ज्योति कलश स्थापित कर ज्वारे बोए गए। नगर में मॉ किरनाई मंदिर, माँ गायत्री मंदिर सोनपुरी , में पूरे विधी विधान से माता रानी की पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के समस्त माता मंदिरो में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई । जिसके तहत नगर के. मां किरनाई मंदिर में 228 जिसमें घी के 29 कलश, वहीं हमेशा की तरह - मां किरनाई मंदिर में 2 ज्योति कलश तथा संकल्प बहुतायत भक्त जनों के द्वारा लिया गया है। मंदिरों में प्रतिदिन पूजा पाठ व आरती तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जाता है।

## सम्मेलन में आदिवासी समाज की संस्कृति, वेषभूषा, सभ्यता व परम्परा की दिखी झलक

# टेकाडीघाट में आदिवासी समाज का साहित्य सांस्कृतिक समारोह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टेकाडीघाट सुकडीघाट में रविवार 22 मार्च को युवा संघ आदिवासी समाज टेकाडीघाट सुकडीघाट के तत्वावधान में आदिवासी समाज के द्वारा आदिवासी साहित्य व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के द्वारा विधि विधान व आस्था अनुरूप गोंडी धर्म बड़ा देव के समक्ष दिप प्रज्वलित कर पूंजन व झंडा वंदन किया गया तथा जननायक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया एंव पुजा की गई। इस अवसर पर कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो ग्राम के विविध मार्ग से गुजरते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दरमियान शोभायात्रा में आदिवासी समुदाय का लोक नृत्य ,वेषभूषा व पारस्परिक सभ्यता व सांस्कृतिक विरासत की अनोखी झलक दिखाई दि। इस दौरान वक्तओ के द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान विकास पर जोर दिया गया। बच्चो को खुब पढाने और शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही आधुनिक शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी साधन एंव संसाधनो का उपयोग करके समाज का विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

**कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित कर खिलाड़ी को किया सम्मानित :** इस अवसर पर आदिवासी समाज संगठन के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें करीब 12 टीमो के द्वारा भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया । प्रतियोगिता में सिंगोडी की टीम ने विजेता बनी।उपविजेता टेकाडीघाट की टीम रही तथा तृतीय पुरस्कार सुकडीघाट की टीम ने जीता। आयोजन समिती आदिवासी समाज के संगठन के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान प्रदान किया साथ ही खिलाड़ीयो को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया गया ।इस दौरान समिती के पदाधिकारी प्रतापसिंह वाडिवे, बस्तीराम एडपाचें, जितेंद्र कुडपती, पविंद्र कंगाली, दिनेश उईके ,संजय वाडिवे, सुरेंद्र कोकाडे अशोक उईके सुखदास परते बंशीलाल धुर्वे एंव जनप्रतिनीधी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पानी के टब में इसर गौरा का विसर्जन कर इको फ्रेंडली का परिचय दिया

# राजस्थानी समाज ने गणगौर व्रत के समापन पर की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राजस्थानी पर्व गणगौर को लेकर इस साल भी नगर में परंपरागत उत्साह देखा गया। राजस्थानी महिलाओं ने विधि विधान से 16 दिन तक शिव पार्वती के स्वरूप इसर गौरा का पूजन कर गांधी बाल उद्यान में इको फ्रेंडली विसर्जन किया। गौरतलब है कि यह व्रत अपनी अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जाता है।

रंगोत्सव के दिवस से शिव पार्वती की आराधना के इस पर्व का प्रारंभ होता है। विवाह के बाद पहली बार मायके आई विवाहिता के द्वारा अपने-अपने घर में गणगौर की विशेष पूजा की जाती है। इस पूजन में राजस्थानी समाज की महिलायें भी शामिल होती है। नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर से निकली भव्य गणगौर शोभायात्रा में बेहद उत्साह देखा गया। पूजन करने वाली सभी महिलाओं ने नृत्य के माध्यम से अपनी आराधना का परिचय कराया।

इस साल नगर में साक्षी शर्मा, राधा खंडेलवाल, कृति खंडेलवाल व कोकल खंडेलवाल द्वारा गणगौर की विशेष पूजा की गयी। जिसमें राजस्थानी समाज की अन्य महिलाओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। राजस्थानी समाज की अध्यक्ष किरण शर्मा ने बताया कि समाज की बेटी होने कारण साक्षी शर्मा को उपहार से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस बार विसर्जन कार्य में पर्यावरण का संदेश देते हुये इको फ्रेंडली स्वरूप में एक विशाल टब में प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया। ज्ञात हो कि गणगौर व्रत में विवाहित महिलायें अपने पति की लंबी आयु के लिये व्रत रखती है। वहीं कुँवारी कन्या अपने मनपसंद वर की कामना के लिये गणगौर का पूजन करती है। गणगौर की पूजा अर्चना में राजस्थानी समाज वारासिवनी की अध्यक्ष किरण शर्मा, संगीता अग्रवाल, भावना अग्रवाल, राधिका खंडेलवाल, चारू शर्मा, कोमल नेहा खंडेलवाल, रेखा खंडेलवाल, सरिता अग्रवाल, तुलसी शर्मा, अन्नु अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, विमला खंडेलवाल, राखी खंडेलवाल, सीमा जोशी, माधुरी व्यास, पदमा चौहान, खुशबू शर्मा, आरती शर्मा, रचना शर्मा, रश्मि शर्मा, नैंसी खंडेलवाल, सीमा खंडेलवाल, प्रीति शर्मा, नीतू चौहान, नेहा खंडेलवाल, शोभा खंडेलवाल, सविता खंडेलवाल, शिखा शर्मा, राधा खंडेलवाल आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### कोष्टी समाज के 3 युवाओं का रेल विभाग में चयन

वारासिवनी। वारासिवनी नगर के कोष्टी समाज के 3 युवाओं का रेल विभाग के विभिन्न पदों पर चयन होने से समाज में हर्ष व्याप्त है। उनके चयन होने पर पहले विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा अपने जनसंपर्क कार्यालय में तीनों युवकों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया था। अब उसी कड़ी में पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल द्वारा अपने निवास स्थान पर इन युवकों को डिजिटल वॉच भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के कोष्टी समाज के जिन तीन युवकों का रेल विभाग में चयन हुआ है, उनमें दो युवक नगर के वार्ड नम्बर 11 निवासी राहुल पिता सुखदास गोखले व अभिषेक पिता नरेश गोखले का असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर और वार्ड नम्बर 12 निवासी ऋतिक पिता भोलाराम बुरड़े का ग्रुप डी में चयन हुआ है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हटटा जनपद पंचायत बालाघाट**

**आम सूचना (नीलामी 02/04/2026)**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की स्थावर सम्पति हाई स्कूल चौक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कुल कमरों की संख्या 06 नीलामी 02/04/2026 दिन गुरूवार को समय प्रात: 10.30 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय हटटा में निर्धारित शर्तों के आधार पर किया जावेगा । नीलामी की शर्तें कायालीन समय में देखी जा सकती है । ठेके लेने वाले इच्छुक नीलामी समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राशि 11.00 बजे जमा कर बोली बोल सकते है । किन्ही कारणवश नीलामी स्थगित होने पर आगामी तिथि की सूचना ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर की जावेगी।

**आवश्यक शर्ते :-** 1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व प्ररक्षित कीमत की दस प्रतिशत राशि जमा करनी होगी । बोली में स्थानीय बोलीकर्ता को प्राथमिकता दी जावेगी। 2. बोलीकर्ता द्वारा बोली पूर्व जमा की गयी अमानत राशि बोली समाप्ति के पश्चात तक बोलीकर्ता को वापस नही की जावेगी। 3. नीलामी उपरांत सर्वाधिक बोलीकर्ता को पूर्ण राशि निर्धारित समय में जमा करना अनिवार्य होगा । 4. बोलीकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बोली लगाने के पूर्व फोटो परिचय पत्र एवं पता हेतु राशनकार्ड की, आधार कार्ड, वोटर आई डी. की स्व प्रमाणित छायाप्रति मोबाईल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा ।

**टीप:-** शर्तें पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है ।

| क्र. | ग्राम पंचायत का नाम | स्थल का नाम | निर्धारित दिन | नीलाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हट्टा | ग्राम पंचायत हटटा | गुरूवार | कमरों की संख्या 06 |

राजेन्द्र पिछोडे, सचिव, ग्राम पंचायत हटटा
वीरेंद्र बिसेन, उपसरपंच, ग्राम पंचायत हटटा
उमेश सोनेकर, सरपंच, ग्राम पंचायत हटटा
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत हट्टा